Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to complete construction of North Koel Reservoir Project-laid.

श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा): माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा झारखंड और बिहार में उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना के बकाया काम को 1,622.27 करोड़ रूपये के अनुमानित खर्च से पूरा करने की मंजूरी दिनांक 16 अगस्त 2017 को प्रदान की गयी थी । केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने तीन वित्त वर्षों के अन्दर 1622.27 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना के शेष बचे कार्यों को पूरा करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की थी । कैबिनेट ने परियोजना प्रबंधन सलाहकार के रूप में जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा सरंक्षण मंत्रालय के अधीनस्थ एक केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम M/s WAPCOS Ltd. को टर्नकी आधार पर परियोजना के शेष बचे कार्यों के क्रियान्वयन को भी मंजूरी दी थी ।

दिनांक 05.01.2019 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा उत्तरी कोयल जलशाय परियोजना के शेष बचे कार्य का शिलान्यास पलामू (झारखंड) से किया गया । शुरू होने की तिथि से 30 महीने की अवधि में यह परियोजना पूरी की जानी थी । परन्तु कार्य में बहुत अधिक विलंब हो रहा है ।

माननीय जल शक्ति मंत्री जी से मांग है कि उत्तर कोयल जलाशय परियोजना को पूरा करने की दिशा में शीघ्र ठोस सकारात्मक कदम उठाये जायें । साथ ही योजना से जुड़े सभी केन्द्रीय एवं राज्यों के अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ तत्काल एक समीक्षा बैठक आयोजित करें तथा कार्य की उच्च स्तरीय नियमित समीक्षा व देखरेख सुनिश्चित की जाये ।